नोकझोंक के बीच एजेंडे से इतर रखे प्रस्ताव

पालिका बोर्ड की बैठक में हंगामा करते सभासद। जागरण

पालिका बोर्ड की बैठक में शर्ट उतार कर हंगामा करता सभासद। जागरण

फतेहपुर, जागरण संवाददाता : सदर पालिका की बैठक में तनातनी का माहौल रहा। विपक्ष ने सख्त तेवर दिखाते हुए शातिराने अंदाज में चेयरमैन को चोट दी। विपक्ष ने एजेंडे में शामिल 10 बिंदुओं को को ध्वनि मत से पास कर दिए। शहर में सात स्मृति द्वार बनवाए जाने का प्रस्ताव रखा। अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती ने चेयरमैन चंद्र प्रकाश लोधी की अनुमति से 11:45 बजे बैठक शुरू कराई। विकलांग विद्यालय के लिए भूमि दिए जाने के प्रस्ताव पर 97 लाख रुपए जमा करने के बाद बोर्ड के सामने रखने की बात तय हुई। इसके बाद सभी प्रस्ताव बिना चर्चा के पास कर दिए गए। बैठक में अमृत योजना, पेयजल विस्तारीकरण, गंदगी फैलाने पर जुर्माना, कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा जगाने, आवंती बाई चौराहा, डीएम चौराहे का सुंदरीकरण आदि प्रस्ताव पास हो गए। बैठक में आरिफ गुड्डा, हाजी रजा, गोपाल रस्तोगी, शादाब अहमद, इंद्रसेन पटेल, सोमवती, शकुंतला, विमल गुप्ता, बसीर अहमद आदि सभासद मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी ने कहाकि एजेंडे से इतर रखे गए प्रस्तावों को कार्यवृत्ति में लिखा गया है, लेकिन निर्णय नहीं लिया गया है।

सभासद ने शर्ट उतारी तो ईओ ने किया बायकाट : पेयजल संकट को लेकर सैय्यदवाड़ा वार्ड के

◆ नगर पालिका बोर्ड की बैठक में पक्ष-विपक्ष में हुई तकरार

सभासद मोहम्मद वसीम उर्फ राजू ने खासी गहमागहमी से वार्ता की। नाराज सभासद ने आक्रोश में आकर विरोध स्वरूप शर्ट उतार कर रख दी। जिस पर अधिशासी अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बैठक के अंतिम क्षणों में बैठक छोड़कर अपने कक्ष में चली गईं।

विपक्ष ने यह रखे एजेंडे : नेता प्रतिपक्ष विनय तिवारी ने बहुमत के आधार पर सात स्वागत द्वार बनवाए जाने की बात रखी। जिसमें बहुआ रोड राधानगर में झंडागीत रचयिता श्यामलाल गुप्त पार्षद, लखनऊ बाइपास पूर्व चेयरमैन अब्दुल रउफ, नउवाबाग डाक बंगले में स्व. धनंजय अवस्थी, लोधीगंज में स्वतंत्रता सेनानी गणेश लोधी, भिटौरा बाइपास में दरियाव सिंह, गाजीपुर बक्सपुर राधानगर में पूर्व मंत्री जागेश्वर, जयराम नगर में पूर्व चेयरमैन नानक प्रसाद श्रीवास्तव स्मृति द्वार बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। जयराम नगर में डॉ. लोहिया की प्रतिमा एवं आबूनगर तिराहे में शहीद चंद्रशेखर आजाद, तुराबअली पुरवा में हिकमत उल्ला की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव रखा गया।